पंजाब केसरी 05/04/2026

'ए टू जैड ऑफ ए.आई. इंटैंसिव एप डिवैल्पमैंट' विषय पर हुआ विशेषज्ञ सत्र

अम्बाला, 4 अप्रैल (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के फैकल्टी ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशंस एवं कम्प्यूटर साइंस डिपार्टमैंट द्वारा शनिवार को 'ए टू जैड ऑफ ए.आई. इंटैंसिव एप डिवैल्पमैंट' विषय पर एक विशेषज्ञ सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र के दौरान विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस बेस्ड मॉडर्न एप्लिकेशन डिवैल्पमैंट की जानकारी प्रदान की गई।

सत्र के मुख्य वक्ता अमितोज सिंह और गगनदीप सिंह ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस, मॉडर्न एप्लिकेशन डिवैल्पमैंट तथा रिट्रीवल ऑगमैंटेड जनरेशन (आर.ए.जी.) जैसी इमर्जिंग टैक्नोलॉजीज के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने लाइव डेमो के माध्यम से ए.आई. बेस्ड एप्लिकेशन के प्रैक्टिकल आस्पैक्ट्स को भी समझाया, जिससे विद्यार्थियों को इंडस्ट्री से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। इससे पूर्व, फैकल्टी ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशंस की डीन डॉ. प्रबलीन कौर, कम्प्यूटर एप्लीकेशंस

वक्ताओं का स्वागत करते आयोजक। (चंद्रमोहन)

विभागाध्यक्ष श्याम रहेजा तथा कम्प्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष उपिंदर कौर द्वारा मुख्य वक्ताओं अमितोज सिंह और गगनदीप सिंह का पौधे भेंट करके स्वागत किया गया।

अपने संदेश में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि आज के डिजिटल एज में आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस टैक्नोलॉजी का महत्व निरंतर बढ़ रहा है। ऐसे विशेषज्ञ सत्र विद्यार्थियों को नई तकनीकों से परिचित करवाने के साथ-साथ उन्हें उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप स्किल्स डिवैल्प करने के लिए प्रेरित करते हैं।